Bihar Board Class 7 Social Science Civics Notes Chapter 7 विज्ञापन की समझ

पाठ का सार संक्षेप

किसी खास विषय-वस्तु पर हमारा ध्यान आकर्षित करने के लिए, विज्ञापन का सहारा लिया जाता है। कोई भी संस्था जैसे-अखबार या टी. वी. आदि अपनी आमदनी के लिए विज्ञापन' पर निर्भर है।

किसी भी कार्यक्रम या घटना को प्रकाशित या प्रसारित करने के लिए आधुनिक मशीनों के साथ ही कुशल कर्मियों की भी आवश्यकता होती है। आधुनिक तकनीक की वजह से संचार माध्यमों को अधिक लोगों तक पहुँचाना आसान हो जाता है। इन संचार के साधनों के संचालन में बहुत अधिक धन की आवश्यकता होती है, जो किसी एक व्यक्ति के द्वारा लगा पाना संभव नहीं – होता है, इसी कारण से टी.वी., अखबार, रेडियो आदि किसी बड़े व्यवसायिक द्वारा संचालित किए जाते हैं।

अपने खर्चों को पूरा करने एवं धन कमाने के लिए संचार माध्यम विभिन्न तरीकों का इस्तेमाल करते हैं, जिनमें सबसे मुख्य हैं विज्ञापन जो कि उनके आय का मुख्य स्रोत होता है। विज्ञापन मुख्यतः व्यापारिक संस्थान वाले ही देते हैं। अपने फायदे के लिए वे संचार माध्यमों को प्रभावित भी करते हैं।

https://www.evidyarthi.in/